प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

02.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नए साल पर अपने निजी आवास पर लगे सभी बिजली मीटरों पर मिलने वाली सब्सिडी छोड़ने की घोषणा की है। उन्होंने इस संबंध में हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड के अध्यक्ष संजय गुप्ता को एक फार्म भर कर सौंपा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके नाम पर पांच बिजली के मीटर हैं और वह सब्सिडी छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में ऐसे कई सुविधा संपन्न लोग हैं जिनके नाम पर कई मीटर हैं। उन्होंने सभी को स्वेच्छा से बिजली की सब्सिडी छोड़ने की अपील की।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज शिमला स्थित सचिवालय से '22 चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' के भ्रमण दल को हरी झंडी देकर रवाना करेंगे। भ्रमण दल 14 जनवरी 2025 तक चंडीगढ़, दिल्ली, आगरा और गोवा में घूमेगा।

## भुंडा महायज्ञ

शिमला जिला के रोहडू उपमंडल के दलगांव में देवता बकरालू महाराज के मंदिर में 39 साल बाद आज से भुंडा महायज्ञ शुरू हो रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कल इस महायज्ञ में शामिल होंगे। चार दिन तक चलने वाले इस अनुष्ठान में लगभग एक लाख से अधिक लोगों के आने की संभावना है। इसे लेकर प्रशासन और मंदिर कमेटी द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विस्तृत जानकारी हमारे संवाददाता से।

## हिम महोत्सव

दिल्ली के आई.एन.ए. स्थित प्रसिद्व दिल्ली हाट में 15 जनवरी तक चलने वाले दूसरे हिम–महोत्सव का राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी आज विधिवत शुभारंभ करेंगे। महोत्सव में लोगों को हिमाचल प्रदेश के पारंपरिक व्यंजनों के साथ साथ कला–संस्कृति को करीब से जानने का मौका मिलेगा। महोत्सव में प्रदेश के सभी 12 जिलों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के अलावा कांगड़ा पेंटिंग और चंबा रूमाल समेत तमाम विख्यात कला एवं शिल्प कला से लोगों को रूबरू करवाया जाएगा। हिम महोत्सव में हिमाचल के शिल्प, हथकरघा और व्यंजनों के 60 स्टॉल लगाए जा रहे है। हिम महोत्सव के माध्यम से हिमाचल के परिधान, संस्कृति, शिल्प और व्यंजनों को प्रदर्शित किया जाएगा।

## अग्निकांड

कुल्लू जिले में बंजार उपमंडल के तांदी गांव में कल हुए भीषण अग्निकांड में गांव के करीब 17 काष्ठकुणी शैली के मकान जलकर राख हो गए हैं। इसमें 6 गौशालाएं ,देवता का एक भंडार भी जल गया है। 15 से अधिक परिवार इस आपदा में प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हुए हैं जिन्होंने अपनी संपत्ति व घर खोए हैं। हालांकि आग से किसी भी तरह के जान का नुकसान का समाचार नहीं है इस घटना में लगभग 10 करोड़ रूपए की संपत्ति के जल जाने का अनुमान लगाया गया है स प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर प्रभावितों को फौरी राहत दी व् प्रभावितो को कम्बल, तिरपाल इत्यादि भी दिए गए, वहीं बंजार

के विधायक सुरेंद्र शौरी भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने सरकार से प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने का आग्रह किया है।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज दिन की शुरुआत खिली धूप के साथ हुई है पिछले कुछ दिनों से प्रदेश में मौसम साफ़ रहने से दिनके समय लोगों को कड़ाके की ठण्ड से निजात मिली है हालाँकि सुबह शाम अभी भी ठण्ड का दौर जारी है मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में 4जनवरी से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है जिसके चलते आगामी 6 जनवरी तक उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में हिमपात और अन्य भागों में वर्षा की सम्भावना है

## अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने विद्युत सब्सिडी से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–**सीएम ने बिजली सब्सिड़ी छोड़ी, मंत्री–कांग्रेस विधायक भी छोड़ेंगे**। पंजाब केसरी के शब्द हैं–**नए वर्ष में मुख्यमंत्री सुक्खू, मंत्री व कांग्रेस विधायक छोड़ेंगे निशुल्क विद्युत सब्सिडी**। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है–**कैबिनेट मंत्री और सभी कांग्रेस विधायक भी सबसिडी छोड़ने का फार्म भरेंगे**। दैनिक जागरण लिखता है–**सीएम, मंत्रियों ने छोड़ा बिजली पर मिलने वाला अनुदान**। दैनिक सवेरा टाइम्स के मुताबिक–**सीएम सुक्खू ने बिजली पर सब्सिडी छोड़ पेश की नायाब मिसाल**।

दैनिक जागरण, हिमाचल दस्तक और आपका फैसला की एक जैसी सुर्खी है–**पूर्व पीएम मनमोहन के नाम से जाना जाएगा हिप्पा**। दैनिक भास्कर ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है–**दृष्टिबाधित बच्चों की मासिक पेंशन एक हजार 500 से बढ़ाकर चार हजार रूपये की**। इसी समाचार पत्र के मुताबिक–**गोशाला से भड़की आग से बंजार का पूरा तांदी गांव स्वाह, 17 मकान और छह गौशालाएं जलीं**।

................................